तुम प्रेम से माँ को मनाओ आज है जगराता

जगराता आज है जगराता,

सब मिल कर मंगल गाओ आज है जगराता,
तुम प्रेम से माँ को मनाओ आज है जगराता,

जगराते में देखो गणपति आये है,
संग वो अपने रिद्धि सीधी को लाये है,
जिन्हे देख के मन मेरा है हरषाता,
तुम प्रेम से माँ को मनाओ आज है जगराता,

जगराते में देखो मोहन आये है,
संग में अपने वो राधा को भी लाये है,
रूप मोहना इनका सबको है भाता,
तुम प्रेम से माँ को मनाओ आज है जगराता,

जगराते में ब्रह्मा विष्णु आये है,
संग अपने शिव शंकर को भी लाये है,
इनके चरणों का यश देखो जग गाता,
तुम प्रेम से माँ को मनाओ ....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/9996/title/tum-prem-se-maa-ko-mnaao-aaj-hai-jagrata

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |